भारत सरकार
योजना मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2801
दिनांक 11 मार्च, 2020 को उत्तर देने के लिए

सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति

2801. **श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:**

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीस) को प्राप्त करने की दिशा में कोई पहल की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) एसडीजीएस के लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में वर्तमान में भारत का रुख क्या है?

उत्तर
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय
तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) एवं (ख) राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र देश के महत्वाकांक्षी विकास एजेंडे के वास्तविक कार्यान्वयनकर्ता है। नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्य भारत सूचकांक और डैशबोर्ड 2019-20 का निर्माण किया है जिसके अंतर्गत सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सतत विकास लक्ष्यों और संबंधित ध्येयों को प्राप्त करने की दिशा में हुई प्रगति को मापा जाता है। सतत विकास लक्ष्य भारत सूचकांक 2019 एक ऑनलाइन डैशबोर्ड (http://sdgindiaindex.niti.gov.in) के माध्यम से उपलब्ध है। रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में है और इसे https://niti.gov.in/sites/default/files/2019-12/SDG-India-Index-2.0_27-Dec.pdf पर देखा जा सकता है। सतत विकास लक्ष्य भारत सूचकांक, देश में सतत विकास लक्ष्यों की स्थिति पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। संबंधित मंत्रालयों/विभागों एवं राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों से डेटा उपलब्धता और संकेतकों के प्रयोग पर विचार-विमर्श किया गया था। सतत विकास लक्ष्य भारत सूचकांक रिपोर्ट में सभी 37 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रोफाइल पर एक अनुभाग है जो सतत विकास लक्ष्यों पर उनके कार्य-निष्पादन का विश्लेषण करने के उद्देश्य से दिया गया है।

(ग) सतत विकास लक्ष्य भारत सूचकांक 2019 प्रत्येक सतत विकास लक्ष्य पर भारत के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करता है। अखिल भारतीय सतत विकास लक्ष्य सूचकांक स्कोर 2030 तक प्राप्त होने वाले 100 के लक्ष्य के मुकाबले 60 पर खड़ा है। लक्ष्यों के अनुरूप भारत का कार्य-निष्पादन नीचे दिया गया है।

सतत विकास लक्ष्य	2030 के लिए लक्ष्य	सतत विकास लक्ष्य, सूचकांक स्कोर
एसडीजी 1 गरीबी उन्मूलन	100	50
एसडीजी 2 भूखमरी उन्मूलन	100	35
एसडीजी 3 उत्तम स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती	100	61
एसडीजी 4 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा	100	58
एसडीजी 5 स्त्री-पुरूष समानता	100	42
एसडीजी 6 स्वच्छ जल और स्वच्छता	100	88
एसडीजी 7 किफायती और स्वच्छ ऊर्जा	100	70
एसडीजी 8 उचित कार्य और आर्थिक विकास	100	64
एसडीजी 9 उद्योग, नवोन्मेष और अवसंरचना	100	65
एसडीजी 10 असमानताओं में कमी	100	64
एसडीजी 11 सतत शहर और समुदाय	100	53
एसडीजी 12 सतत उपभोग और उत्पादन	100	55
एसडीजी 13 जलवायु परिवर्तन	100	60
एसडीजी 15 स्थलीय जीवन	100	66
एसडीजी 16 शांति न्याय और सशक्त संस्थाएं	100	72
मिश्रित सतत विकास लक्ष्य	**100**	**60**

***